एक नजर में

छात्राओं ने नपाध्यक्ष प्रतिनिधि को बांधी राखी

बुधनी. रक्षाबंधन पर्व पर डीडी कान्वेंट स्कूल की छात्राओं ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए अनूठी पहल की. छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने नप कार्यालय में अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय सहित परिषद कर्मचारियों को रक्षा सूत्र बांधा और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं. अध्यक्ष प्रतिनिधि मालवीय ने राखी को सम्मानपूर्वक स्वीकार करते हुए उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति सहयोग का भरोसा दिलाया. कार्यक्रम में स्कूल संचालक जेके त्रिपाठी, शिक्षिकाएं ज्ञानदा सेगर, उमा सैनी, कविता सोनपुरे, अंकिता मसीह, मिस रूपाली आकाश सर एवं दीपक मौजूद थे.

आरुष साहू को मिला ग्लोबल आइकॉन अवार्ड

आष्टा. नगर के युवा आरुष साहू को उल्लेखनीय कार्यों के लिए ग्लोबल आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया है. दिल्ली में आयोजित समारोह में उन्हें वैश्विक युवा दूरदर्शी नेतृत्व पुरस्कार प्रदान किया गया. पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने आरुष को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि ने नगर का नाम गौरवान्वित किया है. उन्होंने कहा कि नगर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें उचित मार्गदर्शन और मंच उपलब्ध कराने की है. आरुष साहू साहू समाज अध्यक्ष राजकुमार साहू के पुत्र हैं. उनकी उपलब्धि पर प्रदीप प्रगति, नरेंद्र कुशवाह, शैलेश राठौर, सुरेंद्र सिंह परमार, संजय जैन, वीरेंद्र सिंह परमार, पल्लव प्रगति, विशाल सोलंकी आदि ने बधाई दी.

कागजों में गरीब पेट भर, हकीकत में खाली थाली

राशन का बड़ा खेल, कहीं महीनों से अनाज वितरण नहीं, कहीं 136 परिवारों का हक गायब, कहीं राशन की जगह बांटे रुपए

- शासकीय उचित मूल्य दुकानों की व्यवस्था पर उठे सवाल
- ग्रामीणों की गुहार पर प्रशासन ने दिया जांच का आश्वासन

बुधनी. शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर विभाग के अधिकारी जांच करने पहुंचे.

नवभारत न्यूज

सीहोर/ इछावर 27 अगस्त. गरीब और जरूरतमंद परिवारों को मिलने वाले सरकारी राशन की वितरण व्यवस्था पर इछावर तहसील में एक के बाद एक गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. झरखेड़ा में ग्रामीणों ने छह महीने से राशन नहीं मिलने और बायोमेट्रिक के जरिए कथित तौर पर राशन निकाल लिए जाने के आरोप लगाए हैं. वहीं दौलतपुर में 236 पात्र परिवारों में से 136 गरीब एवं आदिवासी परिवारों को तीन महीने से राशन नहीं मिलने की शिकायत सामने आई है.दूसरी ओर बरखेड़ा कुर्मी की उचित मूल्य दुकान पर राशन की जगह हितग्राहियों को कथित रूप से नगद राशि बांटे जाने का मामला भी सामने आया है. लगातार सामने आ रही शिकायतों ने इछावर की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है.

ग्राम झरखेड़ा के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विंध्याचल स्व सहायता समूह ललियाखेड़ी द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान के खिलाफ शिकायत की है. ग्रामीणों का आरोप है कि करीब छह महीने से उन्हें खाद्यान्न का वितरण नहीं किया जा रहा है. उनका यह भी आरोप है कि अनपढ़ एवं गरीब उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर बायोमेट्रिक मशीन पर जबरन अंगूठा लगवाया जाता है और पात्रता पर्ची से कथित तौर पर राशन निकाल लिया जाता है. ग्रामीणों के अनुसार जब वे दुकान पर राशन लेने पहुंचते हैं तो उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है. दुकान समय पर नहीं खुलने की शिकायत भी ग्रामीणों ने की है। उनका कहना है कि राशन नहीं मिलने से भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है.

इधर दौलतपुर के ग्रामीणों का कहना है कि लगातार तीन महीने से राशन नहीं मिलने के कारण गरीब परिवार परेशान हैं. त्योहार के समय भी जब अनाज की जरूरत थी, तब पात्र परिवारों को अपने हक के खाद्यान्न से वंचित रहना पड़ा. ग्रामीणों ने प्रशासन से राशन दिलाने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है.

एक ही तहसील क्षेत्र में राशन वितरण से जुड़ी तीन शिकायतों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. हालांकि इन मामलों में लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी. प्रशासन के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती यह पता लगाने की है कि रिकॉर्ड में दर्ज राशन वास्तव में हितग्राहियों तक पहुंचा या कागजों में ही वितरित होकर रह गया. ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई हो तथा पात्र परिवारों को बकाया राशन तत्काल उपलब्ध कराया जाए. साथ ही झरखेड़ा में नियमित रूप से दुकान खुलवाने अथवा वैकल्पिक उचित मूल्य दुकान से राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने की मांग भी की गई है.

राशन की जगह बांटे रुपए, अब जांच में खुलेगा राज

बरखेड़ा कुर्मी की उचित मूल्य दुकान पर भी वितरण व्यवस्था को लेकर नया विवाद सामने आया है. आरोप है कि हितग्राहियों को राशन देने के बजाय कथित तौर पर नगद राशि वितरित की गई. दुकान बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति आमला रामजीपुरा से जुड़ी बताई जा रही है. मामला एसडीएम स्वाती मिश्रा के संज्ञान में आने के बाद जांच के निर्देश दिए गए हैं. अब स्टॉक रजिस्टर, पीओएस मशीन का रिकॉर्ड और हितग्राहियों के बयान से यह स्पष्ट होगा कि वास्तव में राशन का वितरण हुआ था या नियमों के विपरीत नगद राशि बांटी गई.

चार उचित मूल्य दुकानों पर प्रकरण दर्ज

बुधनी. एसडीएम संजीव नागू के निर्देश पर बुधनी विकासखंड की ग्राम पंचायत खैरी सिलगेना, नांनमेट, रतनपुर, खिड़ियाकुर्मी एवं चिकली में राशन वितरण में अनियमितता संबंधी शिकायत मिलने पर सहायक आपूर्ति अधिकारी श्रीमती पिंकी शाक्य द्वारा जांच की गई. दुकानों पर मौजूद हितग्राहियों ने राशन वितरण में गंभीर अनियमितताओं, दुकान समय पर नहीं खुलने तथा पीओएस मशीन में बायोमेट्रिक लगाने के बावजूद राशन सामग्री उपलब्ध नहीं कराने जैसी शिकायतें दर्ज कराई.खाद्यान्न स्टॉक में भी अंतर पाया गया. अधिकारी द्वारा उचित मूल्य दुकान खेरी सिलगेना, नांनमेट, रतनपुर, खिड़ियाकुर्मी एवं चिकली के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया. संबंधित समिति प्रबंधक, समूह अध्यक्ष एवं दुकान विक्रेताओं द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली कंडिकाओं का उल्लंघन किए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं. एसडीएम ने कहा कि राशन वितरण को लेकर अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी.

दौलतपुर में 136 परिवारों का राशन आखिर कहां गया

दौलतपुर ग्राम पंचायत में भी राशन वितरण को लेकर गंभीर शिकायत सामने आई है. ग्रामीणों और ग्राम पंचायत द्वारा एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार गांव में 236 बीपीएल पात्र परिवार हैं, लेकिन पिछले तीन महीनों से इनमें से 136 गरीब एवं आदिवासी परिवारों को राशन नहीं मिला. ग्रामीणों का आरोप है कि पूछने पर सेल्समैन द्वारा शासन से राशन नहीं आने की बात कही जाती रही .शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि रिकॉर्ड में सभी 236 परिवारों को राशन वितरित किया जाना दर्शाया गया है. यदि यह आरोप जांच में सही पाए जाते हैं तो यह महज लापरवाही नहीं, बल्कि सरकारी राशन के रिकॉर्ड और वास्तविक वितरण के बीच गंभीर गड़बड़ी का मामला हो सकता है.

कहीं स्कूल पर लटके मिले ताले तो कहीं छात्र ही नहीं

- जिला शिक्षा अधिकारी ने किया शालाओं का औचक निरीक्षण
- शाला बंद मिली, प्रधानाध्यापक को दिया कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

सीहोर 27 अगस्त. जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री शीलू शर्मा ने गुरुवार को जिले के शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

इस दौरान डीईओ दोपहर 2.45 बजे प्राथमिक शाला जाजनखेड़ी बंद पाई गई. शाला के बंद मिलने पर प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया.

इसी क्रम में हाई स्कूल खजुरियाकला का भी निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के समय विद्यालय में एक भी छात्र उपस्थित नहीं पाया गया. साथ ही शाला की व्यवस्थाएं भी सुचारु नहीं मिलीं. इस पर डीईओ ने प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति और विद्यालयों का संचालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है.

ऑनलाइन भी कर सकते हैं शिकायत

सीहोर. मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं.

कुएं में कूदे ग्रामीण की पुलिस ने बचाई जान

नवभारत न्यूज

रेहटी 27 अगस्त. थाना क्षेत्र में बीती शाम एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते कुएं में छलांग लगा दी. सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और आपदा राहत टीम की मदद से व्यक्ति को कुएं से बाहर निकाल लिया.

बीती शाम ग्राम पांगरा के पास एक व्यक्ति कुएं में कूद गया.सूचना पर डायल-112 वाहन

मौके पर पहुंची. टीम ने कुएं में उतरे व्यक्ति को बाहर निकाल लिया. कार्रवाई के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया.

संत रविदास जयंती वर्ष में सौंपे कलश

नवभारत न्यूज

सीहोर 27 अगस्त. संत शिरोमणि रविदास की 650 वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कलश वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. संतों के सान्निध्य तथा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं जिला प्रभारी विकास विरानी की उपस्थिति में जिले के सभी 25 मंडलों के अध्यक्षों एवं मंडल टोलियों को कलश सौंपे गए.

जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं जिला प्रभारी विकास विरानी ने संत उद्धव दास महाराज एवं संत किशोर दास महाराज का स्वागत किया. जिला प्रभारी श्री विरानी ने कहा कि प्रधानमंत्री की समरस समाज की संकल्पना के अनुरूप यह अभियान वर्ष 2027 तक निरंतर जारी रहेगा. इस दौरान महामंत्री पंकज गुप्ता, सन्नी महाजन ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर जिला महामंत्री तारा कटारिया, जितेंद्र गौड़ सहित जिला पदाधिकारी मौजूद थे.

कार्यशाला में नई शिक्षण विधियों का दिया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

सीहोर 27 अगस्त. दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल में फॉनिक्स प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया.

कार्यशाला में शिक्षकों को फॉनिक्स की शिक्षण विधियों के साथ विद्यार्थियों के उच्चारण, भाषा कौशल व कक्षा प्रबंधन को बेहतर बनाने की जानकारी दी गई. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने फॉनिक्स

शिक्षिक,प्रशिक्षक ज्योति पाठक तथा विशेष अतिथि शिक्षिका कोपल अग्रवाल का स्वागत करते हुए किया. ज्योति पाठक ने फॉनिक्स के माध्यम से बच्चों के उच्चारण एवं भाषा कौशल को विकसित करने की तकनीकों के बारे में जानकारी दी.कोपल अग्रवाल ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए उपयोगी सुझाव दिए. कार्यक्रम का संचालन साक्षी गोगिया ने किया. कार्यशाला के समापन पर प्रशिक्षक ज्योति पाठक एवं कोपल अग्रवाल को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया. अंत में विद्यालय प्रबंधन ने उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया.

युवाओं की समस्याओं का होगा निराकरण

नवभारत न्यूज

सीहोर 27 अगस्त. युवाओं की शिक्षा, रोजगार सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान और उनकी आवाज को प्रभावी मंच देने के उद्देश्य से आगामी 19 सितंबर को शहर में युवा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. इसी दिन युवा भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल रिंकू का जन्मदिन भी मनाया जाएगा.

सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक में विधायक सुदेश राय ने युवाओं और कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया. बैठक में राजकुमार जायसवाल ने युवाओं से संवाद किया. युवाओं ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए. उन्होंने कहा कि युवा सम्मेलन केवल औपचारिक नहीं होगा, बल्कि युवाओं की शिक्षा, रोजगार और समस्याओं को सामने रखने का प्रमुख मंच बनेगा. युवाओं की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण के लिए ठोस पहल की जाएगी.

बाजार में रौनक, बहनों ने खरीदी राखी

नवभारत न्यूज

रेहटी 27 अगस्त. भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन पर बाजारों में रौनक बढ़ गई है. रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानों पर बहनों की भीड़ नजर आने लगी है.

कहीं पारंपरिक राखियां आकर्षण का केंद्र बनी हैं तो कहीं बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर और आधुनिक डिजाइनों वाली राखियां पसंद की जा रही हैं. मिठाई और उपहारों की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने से बाजार गुलजार हो उठे हैं. इस बार रक्षाबंधन का पर्व विशेष माना जा रहा है. ज्योतिषाचार्यों के अनुसार करीब 27 वर्षों बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है, जब रक्षाबंधन भद्रा के साये से मुक्त रहेगा. ज्योतिषीय गणना के अनुसार पूर्णिमा तिथि अगले दिन सुबह 9.38 बजे तक रहेगी. इसके बाद भाद्रपद की प्रतिपदा तिथि प्रारंभ होगी. मान्यता के अनुसार प्रतिपदा तिथि में राखी बांधना उचित नहीं माना जाता, इसलिए जो लोग पूर्णिमा तिथि में ही राखी बांधना शुभ मानते हैं, वे सुबह 9.38 बजे से पहले भाई की कलाई पर राखी बांध सकते हैं.

वहीं कुछ ज्योतिषाचार्यों का मत है कि उदया तिथि का मान पूरे दिन रहता है और इस बार भद्रा का साया नहीं होने के कारण दिनभर रक्षाबंधन मनाया जा सकता है. ऐसे में परिवार अपनी परंपरा और मान्यता के अनुसार राखी बांधने का समय तय कर सकते हैं.

665 गर्भवती महिलाओं की शिविर में जांच

सीहोर. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 665 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 198 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गई. सीएमएचओ ने बताया कि अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की जा रही है. प्रसव के समय जटिल अवस्था में उच्च चिकित्सा केन्द्रों में रेफर किया जाता है.

शासकीय कॉलेज की बदहाली पर विद्यार्थी हुंकार

नवभारत न्यूज

सीहोर 27 अगस्त. शासकीय महाविद्यालयों में सुविधाओं की कमी के विरोध में अभाविप ने गुरुवार को विद्यार्थी हुंकार अभियान के तहत प्रदर्शन किया. विद्यार्थियों ने मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और उच्च शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा.

अभाविप ने आरोप लगाया कि कई शासकीय कॉलेज में पेयजल, शौचालय, व्यवस्थित कक्षाएं, फर्नीचर, बिजली, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, खेल सुविधाएं, इंटरनेट, पार्किंग, सुरक्षा और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाओं का अभाव है. संगठन ने महाविद्यालयों में सुविधाओं का तत्काल सर्वे कराकर कमियों को दूर करने तथा आवश्यक कार्यों के लिए बजट उपलब्ध कराने की मांग की. प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने बाउंड्रीवॉल, पुस्तकालय, कैंटीन, करियर गाइडेंस सेल, कंप्यूटर एवं प्रयोगशालाओं और विद्यार्थी सहायता केंद्रों की स्थिति सुधारने की मांग की. जिला संयोजक विष्णु ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद लगातार आवाज उठाती रही है.

प्रदर्शन बेतहाशा महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया अनोखा प्रदर्शन

एथेनालयुक्त पेट्रोल से बनाई चाय,नागरिकों को बांटी चीनी

नवभारत न्यूज

सीहोर 27 अगस्त. बेतहाशा बढ़ती महंगाई और आम जनता पर पड़ रहे आर्थिक बोझ के विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति व शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया.

कार्यक्रम के दौरान गन्ने से बने एथेनॉल युक्त पेट्रोल के मुद्दे को उठाते हुए चाय बनाई गई, वहीं बढ़ती महंगाई के कारण रसोई से शक्कर गायब होने की स्थिति को दर्शाने के लिए आम जनता को चम्मच से शक्कर वितरित की गई. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकधुनों और व्यंग्यात्मक नारेबाजी के माध्यम से महंगाई के खिलाफ विरोध दर्ज कराया. जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि आज देश की जनता महंगाई से त्रस्त है. खाद्य सामग्री से लेकर रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं तक के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार आम लोगों को राहत देने में विफल साबित हो रही है. इस अवसर पर कांग्रेस ने

महंगाई को कम कराने के लिए बाबा रामदेव और स्मृति ईरानी का आव्हान किया. घनश्याम यादव ने कहा कि जनता की कमाई कम, महंगाई बेहिसाब अब और नहीं सहेगी जनता महंगाई का संताप और इस सरकार को बदल कर रहेगी कांग्रेस की आवाज है और जनता के साथ है. विरोध प्रदर्शन में राजाराम बड़े भाई, घनश्याम यादव, विवेक राठौर, नरेंद्र खंगराले, रमेश गुप्ता, मुकेश ठाकुर, पंकज शर्मा, अरुण मालवीय, हसीन कुरैशी, संतोष मालवीय, रेहान शाह, ओम प्रकाश राठौर, रमेश गुप्ता, प्रीतम दयाल चौरसिया, आरपी शुक्ला, मुनव्वर मामू आदि उपस्थित थे.

बुजुर्गों के साथ मनाएंगे युवक रक्षाबंधन पर्व

सीहोर. रक्षाबंधन का पर्व संकल्प वृद्धाश्रम एवं नशा मुक्ति केंद्र में शुक्रवार को मनाया जाएगा. वृद्धजनों के लिए खीर-पूड़ी, मिठाई सहित विशेष भोजन-प्रसादी का वितरण किया जाएगा. वरिष्ठ नागरिकता दिवस पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्र संचालक राहुल सिंह ने कहा कि बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करना भगवान की पूजा के समान है. मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर नशा मुक्ति केंद्र में हितग्राहियों के साथ वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को मिठाई का वितरण किया जाएगा.

जन्माष्टमी पर्व पर विद्यालयों में होंगे कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

सीहोर 27 अगस्त. शासन ने रक्षाबंधन, बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्वों को भव्य रूप से मनाने के निर्देश दिए. कलेक्टर बाला गुरु के ने जिले के सभी अधिकारियों को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.

28 अगस्त को सामाजिक रिश्तों से प्रकृति तक विस्तार करते हुए एक राखी-एक संकल्प सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. स्कूलों में बच्चों को प्रकृति संरक्षण से जोड़ने कहानी, पेंटिंग व अन्य प्रतियोगिताएं भी होंगी. बलराम जयंती 2 सितंबर को बलराम कृषि महोत्सव की गतिविधियों को विस्तारित स्वरूप देते हुए कृषि आधारित पारंपरिक कलाओं, आधुनिक कृषि उपकरण, बीज एवं प्राकृतिक खेती पर केंद्रित प्रदर्शनियां और सह-संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 4 सितंबर को भव्य स्तर पर मनाई जाएगी. स्कूलों में मटकी प्रतियोगिता, बांसुरी प्रतियोगिता, जीवन झांकी, श्रीकृष्ण प्रसंगों पर नाटिकाएं तथा छोटे बच्चों को बाल कृष्ण के स्वरूप में तैयार कर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. सभी श्रीकृष्ण मंदिरों, मठों और देवालयों में विशेष श्रृंगार, स्वच्छता अभियान, मटकी सज्जा, मटकी फोड़, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे.